# शांति और सद्भाव का उड़ा रंग, लोगों में दिखा धुलेंडी का उत्साह

## चंद्र ग्रहण के कारण बंद रहे मंदिरों के पट, आज भी मनेगी होली






**शाजापुर। शहरभर में मंगलवार को रंग, गुलाल की मस्ती और हर्ष का त्योहार होली पारंपरिक उत्साह और खुशी के साथ मनाया गया।** ढोल-ढमाके की थाप पर जहां युवक थिरके, वहीं युवतियां व महिलाएं भी पीछे नहीं रहीं। भाईचारे और सौहार्द के साथ होली का पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। इधर, चंद्रग्रहण के चलते मंदिरों के पट बंद रहे। शाम को सूतक काल खत्म होने के बाद मंदिरों में पूजा-पाठ हुई।

मंगलवार को सड़कों पर रंगे पुते लोग होली की मस्ती में नजर आए और गुलाल लगाकर एक दूसरे से गले मिलकर होली की बधाई दी। रंग में भंग में न पड़े, इसके लिए पुलिस भी सक्रिय नजर आई। लोग गली मोहल्लों में एक-दूसरे के घरों में पहुंचकर रंग और गुलाल आपस में मलते रगड़ते नजर आए। शहर में रंगों का त्योहार होली परपरागत ढंग से हर्षोल्लास और शांति के साथ मनाया गया। स्थानीय आजाद चौक, नई सड़क, बस स्टैंड, टंकी चौराहा, गायत्री नगर, महुपुरा, किला रोड, सोमवारिया बाजार सहित कई स्थानों पर होलिका दहन के बाद रंग गुलाल और पानी से एक-दूसरे को भिगोने का सिलसिला शुरू हुआ, जो कि शाम तक चलता रहा।

### गवली समाज ने निभाई परंपरा...

नई सड़क स्थित गवली समाज में होली के दिन परंपरा का निर्वहन करते हुए होली दहन के बाद वहां पर महिलाओं ने बाटी सेकी। होली पर सेकी यह बाटी पूरे समाज के लोगों ने ग्रहण की। वहीं होली के दिन विभिन्न समाजजनों ने गेर भी निकाली। साथ ही गमी वाले घरों में जाकर रंग डालने के लिए भी लोग पहुंचे। इसके अलावा कई जगह किसानों ने अपनी पहली फसल भी होलिका को अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की।



### बच्चों-युवाओं की निकली टोली...

धुलेंडी पर सबसे ज्यादा उत्साह बच्चों और युवाओं में देखने को मिला। सुबह से ही मोहल्लों से युवाओं की टोली निकलना शुरू हुई। घर घर जाकर युवकों ने अपने अपने दोस्तों के साथ जमकर रंगीन हो गए। लोग सुबह से ही टोलियां बनाकर निकल पड़े तथा अपने मित्रों के घरों पर दस्तक देने लगे, जो लोग अपने घरों से स्वयं नहीं निकले, उन्हें मनाकर या डराकर घरों से बाहर निकाला गया और फिर अपनी टोली में शामिल कर लिया गया।

### युवतियों और महिलाओं ने भी उड़ाया गुलाल...

धुलेंडी पर जहां युवा और पुरुष होली की मस्ती में झूम रहे थे, वहीं महिलाएं और युवतियां भी रंगों से रंगे नजर आ रही थी। कहीं पर गीतों की धुन, तो कहीं पर ढोल की थाप पर युवतियों और महिलाओं ने भी जमकर मस्ती की ओर होली का आनंद लिया।

# मुहूर्त अनुसार होलिका दहन, परम्परागत गेर निकली

## शुजालपुर नगर में उत्साह के साथ मना रंगों का पर्व

**शुजालपुर। नगर सहित अंचलों में धुलेंडी का पर्व मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। इस पर्व के चलते जहां मुहूर्त अनुसार होलिका दहन किया गया। दहन स्थल पर पहुंच कर नागरिकों ने होली की पूजा अर्चना की तथा मन्नते मांगी। इसके उपरांत होली खेलने का दौर शुरू हो गया। नगर में गीले रंगों से पिचकारियों के साथ होली खेलने का विशेष आनंद बच्चों में ज्यादा रहा, युवाओं ने भी होली का उत्साह पूरे जोश के साथ मनाया।**





मंगलवार को सिटी व मंडी क्षेत्र सहित फ्रीगंज में अलग-अलग समुह में गेर के रूप में नागरिक निकले तथा गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। साथ ही नगर में गमी वाले परिवारों तक पहुंचकर सांत्वना देते हुए परिजनों पर रंग गुलाल लगाई गई। इस दौरान ढोल-ढमाकों के साथ नाचते हुए टोलियां भी निकली। उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न स्थानों पर पहुंचे और होली का रंग डाला, उल्लेखनीय है कि क्षेत्र में रंगों का यह पर्व पांच दिनों तक मनाया जाता है। रंगों के इस पर्व का समापन उत्साह के साथ रंगपंचमी पर होगा। रंगपंचमी के अवसर पर सिटी व मंडी क्षेत्र में भव्य गैर का आयोजन होगा, जिसकी तैयारियां की जा रही है, नगर में पांच दिनों तक होली खेले जाने की परंपरा चली आ रही है।

**तैनात रहा पुलिस बल**

रंगों का यह पर्व शांति व सद्भाव के साथ हो इसके लिए प्रशासन मुस्तैद रहा। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में बाहर से आए बल भी तैनात रहा। पुलिसकर्मियों ने सोमवार की रात से विभिन्न स्थानों पर अपने कर्तव्यों को मूर्त रूप दिया, साथ ही दिनभर पुलिस की मुस्तैदी रही।

# श्रीनाथ धाम मंदिर में धूमधाम से मनाया फाग उत्सव

## एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर भजनों पर झूमे भक्त

**नलखेड़ा। नगर समेत अंचल में होली का पावन पर्व हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। नगर आसपास के गांवों में सोमवार रात्रि में महिलाओं द्वारा होलिका पूजन कर परिवार में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। वहीं मंगलवार को प्रातः काल होलिका दहन किया गया। जहां पर बड़ी संख्या में नागरिकों, बच्चों द्वारा होलिका की ताप ली गई।**

नगर के प्रमुख चौराहों व गली-मोहल्ले में लगभग 20 स्थान पर होलिका सजाई गई थी। मंगलवार को सुबह होते-होते सभी स्थानों पर होलिका दहन किया गया। होलिका दहन के अवसर पर नगर के विभिन्न मोहल्लों व चौराहों पर होलिका दहन स्थलों को विद्युत रोशनी व पुष्प सज्जा की गई थी। वहीं धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। धुलेंडी पर समाज के लोग परंपरानुसार शोकाकुल परिवारों के परिजनों के घर पहुंचे और रंग डाला गया। नगर में सबसे ज्यादा उत्साह बच्चों में देखने को मिला। बच्चे सुबह से ही पिचकारियों के साथ हर आने-जाने वाले पर रंग डालने लग गए थे।





अधिकांश बाजार बंद रहे। ग्रहण के कारण मंदिरों के पद बंद रहे। स्थानीय श्रीनाथ धाम मंदिर सहित कई मंदिरों पर भी भगवान को रंग लगाकर भक्तों ने होली का पर्व मनाया।

**ठाकुरजी को लगाया अबीर-गुलाल**

नगर के वैष्णव मंदिरों में फाग महोत्सव की धूम बसंत पंचमी से शुरू हो गई थी। प्रतिदिन ठाकुरजी को अबीर व गुलाल से होली खिला रहे हैं। वहीं मंगलवार को श्रीनाथजी की हवेली में होली पर भगवान के साथ भक्तों द्वारा होली खेली गई व फाग भजन गाए गए। ब्रज जैसा होली का माहौल श्रीनाथ धाम में प्रतीक हो रहा था। भक्ति का गुलाल उड़ाने के साथ भगवान श्रीकृष्ण के भजनों के साथ भक्तों ने होली का आनंद उठाया।

**प्रशासन रहा मुस्तैद...**

सुरक्षा की दृष्टि से नगर के सभी स्थानों व होलिका दहन स्थलों पर सोमवार शाम से ही पुलिस बल मुस्तैदी के साथ तैनात रहा। तहसीलदार प्रियंक श्रीवास्तव, थाना प्रभारी नागेश यादव, पदम शाक्य मय पुलिस बल के लगातार नगर में भ्रमण कर स्थिति का जायजा लेते रहे।

# चंद्रग्रहण : सुबह से शाम तक बंद रहे मंदिरों के कपाट

## 12 घंटे से अधिक समय तक रहा सूतक काल



**शाजापुर। मंगलवार को साल का पहला चंद्रग्रहण लगाए जिसका व्यापक असर शहर की धार्मिक व्यवस्थाओं पर देखने को मिला, ग्रहण की मान्यताओं का पालन करते हुए शहर के सभी प्रमुख मंदिरों के कपाट सुबह से ही बंद कर दिए गए, इनमें मां राजराजेश्वरी मंदिर, मंगलनाथ महादेव मंदिर और खेड़ापति हनुमान मंदिर जैसे प्रमुख आस्था के केंद्र शामिल रहे। सूतक काल लगने के कारण श्रद्धालुओं को बाहर से ही दर्शन करने पड़े।**

पंडित सुनील नागर के मुताबिक इस चंद्रग्रहण का सूतक काल काफी लंबा रहा, सुबह 6 ।20 बजे से ही सूतक शुरू हो गया था, जो शाम को 6 ।47 बजे ग्रहण खत्म होने तक जारी रहा। फाल्गुन पूर्णिमा के दिन पूर्ण चंद्रग्रहण पड़ने की वजह से इसका धार्मिक महत्व काफी बढ़ गया। इस दौरान मंदिरों में पूजा ।पाठ और दर्शन पूरी तरह बंद रहे और भगवान की प्रतिमाओं को स्पर्श करना भी वर्जित रहा। ग्रहण काल के दौरान लोगों को कई तरह की सावधानियां बरतने की सलाह दी गई थी। इस समय में तुलसी और पीपल जैसे पौधों को न छूने, विवादों से बचने और नुकीली चीजों का इस्तेमाल न करने की बात कही गई। खासतौर पर गर्भवती महिलाओं को अपनी सेहत और नियमों का ध्यान रखने के निर्देश दिए गए। पंडितों के अनुसार इस समय में घर पर रहकर ही मंत्र जाप और भगवान का ध्यान करना फलदायी माना जाता है।

**शुद्धिकरण के बाद खुलेंगे पट**

ग्रहण समाप्त होने के बाद मंदिरों में साफ सफाई और शुद्धिकरण किया गया, पूरे मंदिर परिसर को धोकर गंगाजल का छिड़काव किया जाएगा, जिसके बाद ही नियमित आरती और दर्शन शुरू हुए और लोगों ने मंदिर पहुंचकर दर्शन लाभ लिया। जानकारों का कहना है कि ग्रहण खत्म होने के बाद लोगों को स्नान कर दान पुण्य करना चाहिए, इससे ग्रहण के नकारात्मक प्रभाव दूर होते हैं।

# युवा संगम रोजगार स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप रोजगार मेला कल

**शाजापुर। शासन की मंशा अनुसार एवं कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसार युवा संगम रोजगार मेला 5 मार्च को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस बीकेएसएन गवर्मेंट कॉलेज शाजापुर में प्रात: 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा।**

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि युवा संगम रोजगार मेले में युवक एवं युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने के लिये ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के आवेदको की योग्यता 8वी, 10वी, 12वी, आईटीआई एवं स्नातक, आयु 18 से 40 वर्ष तक के लिये रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए कम्पनियों के प्रतिनिधियों द्वारा साक्षात्कार लिया जाकर उपयुक्त अभ्यार्थियों का चयन किया जाएगा।

जिला रोजगार अधिकारी ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से अनुरोध किया हैं कि उक्त कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से युवक एवं युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जाना है इसके लिए जनपद क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के सचिव एवं रोजगार सहायक के माध्यम से गावों में मूनादी एवं पेंपलेट से प्रचार-प्रसार एवं नगरीय क्षेत्र के वार्डो से कचरा इकट्ठा करने वाले वाहनों के माध्यम से मूनादी एवं पेंपलेट से प्रचार प्रसार करवाएं।

# रईस पठान फिर बने शहर कांग्रेस अध्यक्ष

**शुजालपुर।** कांग्रेस नेतृत्व ने एक बार फिर रईस पठान को शहर कांग्रेस अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। यह नियुक्ति जीतू पटवारी के निर्देश पर की गई। जानकारी के अनुसार पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष महेन्द्र जोशी, प्रदेश महामंत्री रामवीर सिंह सिकरवार, जिला अध्यक्ष नरेश्वर प्रताप सिंह एवं प्रदेश सह सचिव रचना जैन की अनुशंसा पर रईस पठान को पुन: शहर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति की खबर मिलते ही स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा। प्रदेश सचिव गजेन्द्र सिसोदिया, ब्लॉक अध्यक्ष मंगल सिंह राठौड, कार्यकारी जिला अध्यक्ष शरीफ पठान, पार्षद बल्ला सोनी, पूर्व पार्षद अन्नू पठान, पूर्व पार्षद महेन्द्र नाहर, पूर्व शहर अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग शाजापुर जिला अध्यक्ष हसन रज़ा कुरैशी सहित कई नेताओं व कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए रईस पठान को बधाई दी।

**एक नजर में** — एम्बुलेंस की सहायता से पहुंचाया अस्पताल, उपचार जारी

# चार अलग-अलग सड़क हादसों में सात लोग घायल

**शाजापुर। मंगलवार व सोमवार रात और मंगलवार सुबह हुए चार अलग-अलग हादसों में सात लोग घायल हो गए, इनमें से गंभीर घायलों को जिला अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रैफर किया गया है, वहीं शेष लोगों का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।**

पहला हादसा मंगलवार सुबह करीब 9 बजे लालघाटी थाना क्षेत्र के छोटा सनकोटा गांव के पास हुआ, यहां दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई, जिसमें एक महिला और दो पुरुष घायल हुए। जिन्हें एंबुलेंस 108 की सहायता से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इनकी पहचान सविता और उनके पति राम बाबू विश्वकर्मा के रूप में हुई है, वे स्कूटी से इंदौर से राजगढ़ जा रहे थे। तभी उनकी गाड़ी आगे चल रहे वाहन से टकरा गई। इस हादसे में ईश्वर सिंह भी घायल हुए, जो पटियालखेड़ी से बनाखेड़ी जा रहे थे।



**दूसरे हादसे में दो घायल**

दूसरी घटना भी मंगलवार दोपहर करीब 1 बजे हुई। जब जिले के ग्राम कुकड़ी में दोपहर 1 से 2 बजे के बीच दो युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे वे घायल हो गए। जिन्हें डायल 112 की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों की पहचान इंद्र पिता गोपीलाल बंजारा और कुशल पिता मेहरबान सिंह बंजारा के रूप में हुई है, दोनों को सिर में चोटें आई हैं। जिनका जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है।

**घायल को किया इंदौर रैफर**

तीसरी घटना शहरी हाईवे पर सोमवार रात करीब 11 बजे हुई। जब वाटर वर्क्स के सामने फायर ब्रिगेड के अचानक मुड़ने से पीछे आ रही एक बाइक उससे टकरा गई, इस दुर्घटना में बाइक सवार दो युवकों में से एक गंभीर रूप से घायल हो गया, घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार महुपूरा निवासी सुमित पिता राजू जाटव अपने रिश्तेदार मोंटी जाटव निवासी सारंगपुर के साथ बाइक पर टंकी चौराहे से बस स्टैंड की ओर जा रहे थे। वाटर वर्क्स की ओर मुड़ रही फायर ब्रिगेड ने अचानक टर्न लिया, जिससे पीछे से आ रही बाइक अनियंत्रित होकर उससे टकरा गई। टक्कर के बाद दोनों युवक सड़क पर गिर गए, स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को आटो रिक्शा से जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद सुमित की हालत गंभीर देखते हुए उसे इंदौर रैफर किया गया। गंभीर घायल युवक को इंदौर रेफर करने के लिए एक घंटे तक एंबुलेंस का इंतजार करना पड़ा।

**दो बाइक भिड़ी, दूसरा बाइक सवार फरार**

चौथी घटना जिले के ग्राम मोल्टा के पास दो बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक गंभीर घायल हो गया, जबकि दूसरी बाइक का सवार मौके से फरार हो गया। घायल की नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रैफर कर दिया है। हादसा शाम करीब 6 से 7 बजे के बीच हुआ। ग्राम कांजा निवासी लाखन सिंह राजपूत अपनी बाइक पर एक महिला और बच्ची के साथ पिपलोदा से लौट रहे थे, इसी दौरान मोल्टा के पास सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लाखन सिंह सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए, वहीं दूसरी बाइक का चालक हादसे के तुरंत बाद अपनी गाड़ी लेकर मौके से भाग निकला। घटनास्थल से गुजर रहे एक राहगीर ने तत्काल डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही पायलट संजय और आरक्षक अभिषेक मौके पर पहुंचे और घायल लाखन सिंह को शाजापुर जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां लाखन के सिर और मुंह पर गंभीर चोटें होने पर उसे इंदौर रैफर किया गया है, जबकि बाइक पर सवार महिला और बच्ची को मामूली चोट आई हैं और वे सुरक्षित है। सुनेरा थाना पुलिस ने फरार बाइक सवार की तलाश शुरू कर दी है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि शाम के समय इस मार्ग पर वाहनों का दबाव रहता है, जिससे सावधानी हटने पर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

# नपा शुजालपुर का शताब्दी गौरव दिवस कल

**शुजालपुर।** नगर की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर नगरपालिका परिषद शुजालपुर द्वारा 5 मार्च गुरुवार को गौरव दिवस शताब्दी समारोह का आयोजन किया जाएगा, कार्यक्रम सिटी बस स्टैंड स्थित परिसर में दोपहर 2 बजे से प्रारंभ होगा, आयोजन को लेकर नगर में उत्साह का वातावरण है। समारोह में प्रदेश के वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों व अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार रहेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथियों में क्षेत्रीय सांसद सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल रहेंगे। आयोजन की अध्यक्षता नगरपालिका परिषद की अध्यक्ष बबीता परमार करेंगी। कार्यक्रम के अंतर्गत शहर के विकास में योगदान देने वाले व्यक्तियों व संस्थाओं का सम्मान किया जाएगा, साथ ही नगर के इतिहास और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला जाएगा। शाम 7 बजे से प्रसिद्ध भजन गायक सुधीर व्यास इंदौर द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति दी जाएगी, जिसमें शहरवासी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। नगरपालिका परिषद ने नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शताब्दी समारोह को सफल बनाने की अपील की है, आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।